हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

11 8.64 करोड़ के बजट से नांगल चौधरी का होगा...

12 यदुवंशी कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस...

खबर संक्षेप

मजदूरों की मारपीट से प्रवासी महिला की मौत

कनीना। गांव बवानिया में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों में हुए आपसी झगड़े में घायल हुई एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में यूपी के गांव रायपुर वासी सचिन कुमार ने कनीना सदर थाना में दी शिकायत में कहा कि वह पिछले चार माह से अपने पिता महासिंह, माता सुनहरा देवी, आकाश, सुशील निरंजन, चरन सिंह व सुखबीर सिंह के साथ बवानिया में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी का कार्य कर रहा है। 12 मार्च को मुन्ना व राजेश वासी नरोरा पावर प्लांट सहित इनके तीन रिश्तेदारों ने उनके साथ मारपीट की।

नशीले पदार्थ के कारोबार में संलिप्त दो और काबू

नारनौल। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है ताकि लोग नशे से दूर रहें। एसपी के निर्देशानुसार जिला भर में अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ पुलिस ने नांगल चौधरी क्षेत्र से छह मार्च को दो आरोपितों मुकेश व राजपाल वासी आसलवास थाना सूरजगढ़ को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा था और ट्रक कंटेनर से 159 किलो 110 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की थी।

आईटीआई में 23 मार्च को होगा कार्यक्रम

नारनौल। युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के संयुक्त प्रयास से 23 मार्च को शहीद भगत सिंह की याद में आईटीआई में कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के मशहूर सिंगर कुलदीप कौशिक, भारत बोहरा, राहुल पुठी, योगी अरमान, सोनू ठाकुर, संजय जमालपुर, निपूर्ण वत्स, अनीश यादव सहित अनेक कलाकार भाग लेंगे और शहीदी रागनी कंपटीशन व शहीद परिवार सम्मान समारोह को सफल बनाएंगे।

रामबास में अज्ञात चोरों ने बाइक चुराई

कनीना। कनीना विकास खंड के गांव रामबास से अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। इस बारे में राजेश कुमार ने कनीना सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि 14 मार्च को रामबास से उसकी बाइक को अज्ञात चोर ले उड़े। जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

किसान के बेटे की करंट की चपेट से मौत

कनीना। कनीना के समीपवर्ती गांव बव्वा में एक किसान का 20 वर्षीय नौजवान बेटा खेत में गेहूं की सिंचाई करते समय एचटी लाईन करंट की चपेट में आ गया, जिसकी दर्दनाक मौत हो गई। किसान चंद्रभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 20 वर्षीय बेटा सचिन सोमवार दोपहर को खेत में सिंचाई के दौरान फव्वारा पाइप ऊपर से गुजर रही बिजली की एचटी लाइन से छू गया।

जिले को उम्मीद से मिला कम : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट 2025-26 पेश किया

नारनौल अस्पताल में स्थापित होगा आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को बजट 2025-26 पेश किया। नारनौल अस्पताल में आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा की है। साथ ही जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जाएगा। इसके अलावा जिला को जो उम्मीद थी, उससे कम मिला।

शिक्षा: नया मॉडल संस्कृति स्कूल मिलेगा: विधानसभा में पेश किए गए बजट के मुताबिक गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में 197 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय कार्य कर रहे है। बहुत स्थानों से आमजन की मांग मिलती है कि उनके इलाकों में भी ऐसे विद्यालय खोले जाएं। इसलिए प्रस्ताव है कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदेश में हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा।

इससे डबवाली, नारनौल, नांगल चौधरी, सिवानी, हिसार, भट्टूकलां, गुहला और पेहवा जैसे कई ब्लॉकों के विद्यार्थियों को मॉडल संस्कृति स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा जिला में एक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को सैन्टर ऑफ एक्सीलैन्स इन स्पोर्ट्स के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा है। इस तरह जिला में एक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को सैन्टर ऑफ एक्सीलैन्स इन स्किलस के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव भी रखा है।

ऐसे पुनर्गठन के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल, हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी व शिक्षा विभाग द्वारा सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

विद्यार्थी कल्याण पर देंगे विशेष ध्यान

जिला अंबाला, कैथल, कुरूक्षेत्र, फतेहाबाद, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ में कुल 12 स्कूल दोहरी पाली में चल रहे है। वित्त वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार आधारभूत ढांचा तैयार कर इन्हें एकल पाली में चलाए जाने का प्रस्ताव है। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो वर्ष 2026-27 में बाकी जिलों में दोहरी पाली में चल रहे स्कूलों को भी इस योजना में सम्मिलित किया जाएगा। हर पीएमश्री स्कूल, मॉडल संस्कृति स्कूल व हर कलस्टर स्कूल में सुरक्षा, निगरानी व अनुशासन के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों एवं सभी पीएमश्री विद्यालयों में ई पुस्तकालयों का निर्माण करने तथा इन्हें स्कूल समय के उपरांत सामान्य जन के उपयोग के लिए भी खुला रखा जाएगा। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की तर्ज पर जिला में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव किया है। इन आदर्श संस्कृति महाविद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक मानक, समर्पित शिक्षण सुविधाएं और विद्यार्थी कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जिला अस्पताल में यह होगा सुधार

नारनौल के जिला नागरिक अस्पताल में आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र स्थापित होगा। इसके पीछे मकसद माताओं और शिशुओं को स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मातृ मृत्यु दर, नवजात मृत्युदर, शिशु मृत्युदर तथा पांच वर्ष से कम आयु के शिशुओं की मृत्युदर में और उल्लेखनियां सुधार लाना है। अगले दो वर्ष में जिला अस्पताल को उस शहर का उतने बिस्तर वाला सर्वोत्तम अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2025-26 में जिला अस्पताल में आधुनिक सेवाओं तथा आधुनिकतम उपकरण जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ब्लड एनालाइजर और डिजिटल एक्सरे उपलब्ध करवाएं जाएंगे। इसके अलावा मरीजों के लिए निजी कमरों की व्यवस्था की जाएगी तथा उनके सहयोगियों के लिए भी आश्रय गृह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला अस्पताल में व सरकारी मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने और ब्लड बैंक की सुविधा का आनुनिकीकरण करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। दुर्घटनाओं के दौरान तथा ट्रामा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए जिला अस्पताल में 70 एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 में निवेश को स्वीकृति दी है।

बजट में इन बातों का भी जिक्र

बसों की साफ सफाई के लिए ऑटो मेटिक बस वॉशिंग मशीन व बस अड्डों की सफाई के लिए मशीन की व्यवस्था की जाएगी। मादरक पदार्थों से संबंधित मामलों की जल्दी सुनवाई तथा सजा सुनिश्चित करने के लिए जिला में फास्टट्रैक न्यायालय की स्थापना की जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में हर शहर में एक चार पांच किलोमीटर लंबी सड़क को तथा हर जिले में एक 10 से 15 किलोमीटर लंबी सड़क को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा। इसी तरह हर शहर में एक पुराने बाजार का स्मार्ट बाजार के रूप में और हर गांव में एक गली का स्मार्ट गली के रूप में कार्याकल्प किया जाएगा। अगले वित्त वर्ष में हरियाणा बीज प्रमाणीकरण एजेंसी द्वारा जिला में एक बीज परीक्षण लैब स्थापित की जाएगी। दक्षिणी हरियाणा में सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी आधुनिक सरसों तेल मिल की स्थापना सार्वजनिक निजी भागीदारी यानि पीपीपी मोड के तहत होगी। लोगों की आस्था व गौ प्रेम को बनाए रखने के लिए जिला में एक नया गौ अभयारण्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि बेसहारा गौवंश को व्यवस्थित तरीके से संरक्षित किया जा सके। हर ब्लॉक में एक दूध संग्रह केंद्र तथा प्रत्येक जिला में एक शीतलन केंद्र विकसित किया जाएगा।

विभाग की स्थिति असहायों जैसी बनी, योजना महज एक मजाक बनकर रह गई

चिराग योजना में निजी स्कूल नहीं दिखा रहे रुचि, नहीं दर्शाई सीटें, विभाग असहाय

सरकारी स्कूलों के गरीब परिवारों के बच्चे कक्षा पांच से बारहवीं तक निजी स्कूलों में ले सकते हैं दाखिला

राजकुमार ▶▶| नारनौल

गरीब परिवारों के बच्चों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (सीएचईईआरएजी-चिराग) योजना जिले के शिक्षा अधिकारियों ने मौन साधा हुआ है, जबकि इस योजना के तहत प्रदेश सरकार की ओर से एडमिशन शेड्यूल जारी किया जा चुका है, लेकिन कमाल की बात है कि शिक्षा अधिकारी यह बताने में असमर्थ हैं कि जिला महेंद्रगढ़ से अब कितने निजी स्कूलों ने इस योजना के तहत अपने यहां बच्चों को एडमिशन देने पर सहमति जताई है। विभाग की स्थिति असहायों जैसी बनी है। इससे स्पष्ट है कि यह योजना महज एक मजाक बनकर रह गई है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान यानि चिराग योजना शुरू की गई है। यह योजना उन गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेने का अवसर प्रदान करती है, जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इस योजना में 5वीं से 12वीं तक की कक्षाओं के लिए इच्छुक बच्चे आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी ने गत 19 फरवरी 2025 को सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों के नाम एक पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए थे कि मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में चिराग स्कीम के तहत सहमति ले लें। सहमति देने की अंतिम तिथि 24 फरवरी से 7 मार्च 2025 तक थी। कमाल की बात है कि इस सहमति बाबत जब जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया गया तो वह जवाब देने में असमर्थ थे। वह यह तक नहीं बता पाए कि सहमति जिले के कितने स्कूलों ने दी है। सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षावाईज घोषित सीटों का विवरण विभाग द्वारा विभागीय वैबसाइट/पोर्टल पर 15 मार्च तक विवरण देना था।

यहां यह भी काबिले गौर है कि निजी स्कूलों की सहमति दर्शाने उपरांत ही अभिभावक/छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 15 मार्च से 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, लेकिन जिले में पात्र इच्छुक विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने बच्चों के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

नारनौल। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

लॉटरी ड्रा के तहत होना है एडमिशन

सरकारी की ओर से जारी निर्देशानुसार 15 मार्च से 31 मार्च तक जो विद्यार्थी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे, उन आवेदन करने वाले बच्चों के एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक दाखिला दिया जाएगा। यह दाखिला लॉटरी ड्रा प्रक्रिया के तहत होना है। यदि फिर भी स्कूलों में सीटें खाली रह जाती हैं तो रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची वाले विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा और वह 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दाखिला ले सकेंगे।

आय को बनाया है आधार

चिराग योजना के तहत प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपये एवं इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा।

सरकारी स्कूल का छात्र होना अनिवार्य

इस स्कीम के तहत केवल वे छात्र ही पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त/उत्तीर्ण की होगी।

एसएलसी लेना अनिवार्य

चिराग योजना में दाखिला के लिए सफल रहे विद्यार्थियों को अपने पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट यानि एसएलसी लेना अनिवार्य किया गया है। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा हो, यह वहीं से मिलेगी।

सरकार करेगी फीस प्रतिपूर्ति

जिन बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में हो जाएगा, उन बच्चों या अभिभावकों को फीस का खर्च वहन नहीं करना पड़ेगा। सरकार खुद इसे वहन करेगी। इसके लिए जो स्कूल बच्चे को एडमिशन देगा, उसे फार्म-6 भरकर सरकार के पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। दाखिला होने वाले छात्रों का डेटा एमआईएस के तहत अपडेट किया जाएगा तथा छात्र की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर-अंदर जानकारी भेजनी होगी।

नारनौल। बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, एसपी ने लगाई फटकार

नारनौल। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने थाना शहर नारनौल परिसर में डीएसपी सुरेश कुमार, थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराया और उनकी पालना करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि रात के समय में राइडर की चैकिंग करें और राइडरों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त कराएं। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में सख्त निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें। पुलिस अधीक्षक ने लड़ाई–झगड़ों के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि लड़ाई–झगड़ा करने वाले आक्रामक पक्ष की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें। पुलिस कप्तान ने थानों में लड़ाई झगड़ों के पेंडिंग मामलों की जानकारी ली, जिनमें नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना–चौकी में आने वाली शिकायतों को स्वयं देखें। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुसंधानकर्ताओं से उनके पास लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी ली और मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनका निपटान करें। अनुसंधानकर्ताओं को मारपीट, लड़ाई–झगड़ों में प्राप्त एमएलआर पर जांच कर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बलाहा कला में सहायक उपकरण पंजीकरण कैंप कल

नारनौल। जिला रेड क्रॉस समिति की ओर से प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र के तहत एलिम्कों के सहयोग से गांव बलाहा कला में 19 को व अटाली में 20 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रेडक्रॉस से डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों को वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन, कमर व गर्दन की बेल्ट तथा अन्य सहायक उपकरण के लिए खंड नारनौल गांव बलाहा कला में 19 को व खंड सिहमा के अटाली में 20 मार्च को सुबह 10 बजे सरकारी विद्यालय में पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। पंजीकरण कराने के लिए आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छाया प्रति व दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर सहायक उपकरण के लिए अपना पंजीकरण करवाएं।

नीरपुर में नवयुवक ने वृद्धाश्रम में लगाई फांसी

नारनौल। निकटवर्ती गांव नीरपुर में करीब 20 वर्षीय नवयुवक ने गांव के वृद्धाश्रम में एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को दी शिकायत में परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर उसका नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार प्रातः करीब आठ बजे गांव के वृद्धाश्रम में खड़े पेड़ पर एक युवक को फंदे पर लटकते हुए देखा तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को पेड़ से उतरवाया, जिसकी पहचान करीब 20 वर्षीय पीयूष के रूप में हुई। पीयूष के पिता वीरेंद्र की एक साल पहले मौत हो चुकी है। पुलिस को दी शिकायत में पीयूष के चाचा उमेद सिंह ने बताया कि वह पांच भाई है तथा उसके बड़े भाई वीरेंद्र की मौत करीब एक साल पहले हो चुकी है, जिसका लड़का पीयूष करीब 20 साल का है, जिसने किसी परेशानी के चलते फांसी लगा ली। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि फांसी लगाने का कारण शमशेर है, जो पीयूष को परेशान करता रहता था। इस परेशानी बाबत पीयूष ने अपनी मम्मी व चाचा को बताया था। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक स्नातक तक पढ़ा-लिखा और फिलहाल घर पर ही रह रहा था। इस घटना से पीयूष के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

खायरा के जवान की यूपी में ड्यूटी के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव खायरा के 55 वर्षीय सीआरपीएफ के जवान नंदकुमार की गत 15 मार्च शनिवार को ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब होने से अकाल मौत हो गई। अलीगढ़ यूपी से जवान का पार्थिव शरीर 17 मार्च सोमवार को पैतृक गांव खायरा में पंहुचा। शहीद जवान का पार्थिव शरीर गांव पंहुचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के जवानों की एक टुकड़ी ने सशस्त्र सलामी दी, जिसके बाद राजकीय सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं 22 वर्षीय बेटे नीरज ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। मृतक जवान अपने पीछे पत्नी और एक बेटा नीरज को छोड़कर गया है। शहीद के पुत्र नीरज ने बताया कि गांव खायरा के 55 वर्षीय नंदकुमार यादव 1990 में सीआरपीएफ में कांस्टेबल की पोस्ट पर भर्ती हुए थे।

महेंद्रगढ़। शहीद को सलामी देते जवान। फोटो : हरिभूमि

निजी स्कूल में कुक का कार्य करने वाले नेपाली की मौत

कनीना। कनीना के निजी स्कूल के मैस में कुक का कार्य करने वाले नेपाल के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सोमवार सुबह सिहोर रोड पर स्कूल के सामने खेतों से बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। शव को कनीना के उपनागरिक अस्पताल में रखवाया गया है, परिजनों को सूचना दी गई है जिनके मंगलवार तक पहुंचने की संभावना है। उसके बाद पंचनामा सहित कार्रवाई संभव होगी।

विधायकों ने बजट को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से विधानसभा में पेश किए गए बजट को नारनौल व महेंद्रगढ़ विधायक ने सराहा है।

समृद्धि व विकास को समर्पित बजट : ओमप्रकाश

नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि हरियाणा की समृद्धि एवं विकास को समर्पित 2.05 लाख करोड़ के ऐतिहासिक जनकल्याणकारी बजट के लिए वे जनता की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों एवं सभी वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाएं प्रदेश के विकास को नई गति देगी।

ओमप्रकाश यादव कंवर सिंह यादव

महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा: महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा है कि बजट 2025-26 में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पूरे हरियाणा के किसान, गरीब, महिलाएं, युवाओं सब वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया।

जिला अध्यक्ष के लिए आवेदन आए थे 43, शाम को सभी ने फार्म वापस लेते हुए संगठन के कंधों पर छोड़ा था फैसला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व आरएसएस से जुड़कर राजनीति की शुरुआत करने वाले यतेंद्र राव बने भाजपा जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा संगठन ने सोमवार सुबह यतेंद्र राव को जिला महेंद्रगढ़ अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी। इस पद के लिए एक दिन पहले रविवार को 43 भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवेदन किए थे। शाम को सभी ने आवेदन फार्म यह कहकर वापस ले लिए कि जो जिसे भी यह पद संगठन सौंपेगा, उसके साथ मजबूती के साथ मिलकर पार्टी के लिए काम करेंगे। हालांकि अंदरूनी सूत्र बताते है कि यतेंद्र राव को आवेदन वाले दिन शाम को ही उनके जिला अध्यक्ष चुने जाने का मैसेज दे दिया था। इस मैसेज को यतेंद्र राव ने भी लीक नहीं किया। अगले दिन सोमवार सिर्फ औपचारिकताएं ही पार्टी की तरफ से की गई।

जिला चुनाव सह अधिकारी भवानी सिंह व सुरेश ने बताया कि जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए उन्हें 43 आवेदन प्राप्त हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से यतेन्द्र राव को नए जिला अध्यक्ष पद के लिए चुना।

नारनौल। घोषणा के बाद नए जिला अध्यक्ष्ज्ञ यतेंद्र राव को लड्डू खिलाते पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव। फोटो : हरिभूमि

अटेली निवासी यतेन्द्र विद्यार्थी जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा राजनीति से जुड़े। तत्पश्चात भाजपा युवा मोर्चा में मंडल व ज़िले का सफ़र तय करते हुए प्रदेश में उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, स्टडी सर्किल कमेटी संयोजक व अन्य पदों पर रहने के बाद भाजपा में दो बार ज़िला उपाध्यक्ष की भूमिका निभाई।

हाल ही में सम्पन्न दिल्ली चुनावों में भी यतेंद्र की प्रदेश संगठन द्वारा नई दिल्ली विधानसभा सीट पर ज़िम्मेदारी लगाई गई थी। यतेन्द्र राव का जन्म डुलाना गांव में हुआ तथा उन्होंने पीएचडी, एलएलएम, एलएलबी, एमबीए, बीटेक की पढ़ाई की है। यतेन्द्र राव के पिता राजकुमार यादव खनन अधिकारी रहे हैं व माता डॉ कृष्णा यादव राजकीय महाविद्यालय में प्रोफेसर रही है। धर्मपत्नी भारती राव भी उच्च शिक्षित हैं।

सभी को साथ लेकर संगठन के लिए करेंगे कार्य

मीडिया से बातचीत करते हुए नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर मेहनत से संगठन के लिए दिन रात काम करेंगे। इस मौके पर शंकर धूपड़, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष मित्तल, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी, अमित मिश्रा, रमेश तंवर, सीताराम पूर्व विधायक, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, पार्षद सिकंदर सैनी, सपना गुप्ता, सरोज कश्यप, मंजीत, सुमित, सुशील चौटाला, संजय अमन के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
रोहतक मंगलवार
18 मार्च 2025

सहेली



स्पेशल: इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।

जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।

समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर

नीलम अरोड़ा

एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनाव: टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।

क्या करें टीनएजर के पैरेंट्स: टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

पीयर प्रेशर का सामना: आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्चौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशन: बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर

रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक

आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में हैं।

ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग : इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।

डिजाइनर नक्काशी: इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

बॉक्स डिजाइंड पैटर्न: इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

हीरिंगबोन पैटर्न: यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

बॉर्डर पैटर्न: वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंग: अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वूडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

• वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।

हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू

बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

नीबू का रस-कैस्टर ऑयल: बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।

नीबू रस-नारियल तेल: किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

नीबू रस-मेथी हेयर पैक: अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

नीबू का शैंपू: नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।

एवोकाडो-नीबू शैंपू: इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस

अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

वैरायटी शामिल करें: न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

ओवर ईटिंग से बचें: अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें।

कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

रुचि लेकर करें भोजन: कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।

स्वाद को न दें अधिक महत्व: तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लें: दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

योग करना हमारी परंपराः कौशिक

भिवानी। आज के आधुनिक जीवन को यदि कोई स्वस्थ रख सकता है तो वह केवल नियमित योग करना है हम यदि अपने दैनिक जीवन काल में प्रतिदिन केवल 30 मिनट भी योग आसन प्राणायाम करते हैं तो हम अपने शरीर को स्वस्थ रख पाएंगे और एक स्वस्थ शरीर के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर पाएंगे। उक्त कथन आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने व्यायामशाला दुर्जनपुर (सज्जनपुर) में सभी उपस्थित बच्चों को योग करवाते हुए कहे। आयुष योग सहायक ने बताया की पूरे जिला भिवानी में अनेक व्यायाम शालाओं में आयुष मंत्री आरती सिंह राव हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ0 जयदीप सिंह आर्य, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा के निर्देशन एवं जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ0 संजय सिंह वैद, डॉ0 निशा खट्टर, डॉ0 हरीश चंद्र के मार्गदर्शन में नियमित योग कक्षाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है जिससे आमजन को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया की हम सभी के स्वास्थ्य रक्षण के लिए संकल्पकृत होकर कर्म बद्ध हैं।

सीएम ने बजट पेशकर मिसाल कायम कीः रमेश

भिवानी। मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने नायाब बजट पेश कर मिसाल कायम की। लाडो लक्ष्मी योजना, किसान की एमएसपी पर सभी 24 फसल खरीदने, पशुपालकों को देशी गाय खरीदने पर 30 हजार अनुदान देने, डंकी रूट से विदेशों में भेजने वाले एजेंटों के जाल से बचाने के लिए सरकार ने विदेशों में रोजगार, सहित हर वर्ग किसान मजदूर व्यापारी नौकरी पेशा महिला युवा का ध्यान रखा गया है। इस बजट में 2047 में विकसित भारत की तस्वीर की झलक दिखाई देती है।

कनीना मंडी में नहीं हुई सरसों की आवक

कनीना। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है लेकिन कनीना मंडी में सोमवार तक सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है। कनीना सब डिवीजन में किसानों द्वारा हाल ही में सरसों की कटाई शुरू की गई है जिससे हफ्तेभर बाद मंडी में सरसों पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि खरीद के लिए उपमंडल प्रशासन व खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाफस एवं मार्केट कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए मंडी में बिजली, पेयजल शौचलय व साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। सरसों बेचते समय किसानों को किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

शहर में अस्थाई पार्किंग बनाई गई

बाजार में जाम से मिलेगी राहत, पुरानी जेल के पास बनाई पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में अब लोगों को जाम से राहत मिलेगी। उपमंडल नागरिक अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका की ओर से शहर में अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। नगर पालिका की ओर से पुरानी जेल के पास अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से शहर के बालाजी चौक के पास निजी धर्मशाला में पार्किंग बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण बाजार में जाम के हालात बनने लगे थे। मजबूरी में लोग नो पार्किंग जोन में थे। इस कारण बाजार में निकलने की जगह नही रहती। हालत यह हो गए है कि दुपहिया वाहनों का निकला मुश्किल हो गया है। नगर पालिका, नागरिक अस्पताल, सीएसडी कैंटीन व बैंकों में बड़ी संख्या में लोग अपने काम से आते हैं, लेकिन आसपास कहीं पार्किंग न होने से ये लोग सड़क पर ही कार्यालय के बाहर वाहन खड़ा करने को मजबूर थे, जिससे सड़क में आने जाने का रास्ता नहीं बचता। बाजारों में तो बैंकों के आगे इतना बुरा हाल हो जाता है कि यहां से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। कई बार तो लोग बाजार में वाहन खड़े करके इधर-उधर चले जाते हैं और वहां आने वाले वाहन फंस जाते हैं। तलाशने पर भी वाहन मालिक नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। आए दिन इस समस्या से लोग परेशान होते थे। बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही हैं। वहीं रेहड़ी भी खड़ी रहती हैं। शहर के सबसे बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जाने वाले लोग भी अपने वाहन बाहर सड़क पर ही खड़ा करते हैं। त्योहारी सीजन के दौरान तो बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बचती। ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के बावजूद हालात सामान्य नहीं सड़कों पर भी रोजाना वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने एसडीएम के आदेशानुसार नगर पालिका की ओर से पुरानी जेल के पास जमीन पर कचरे को हटा दिया गया है। नगर पालिका की ओर से पांच वर्षों से पांच जगहों पर अस्थायी पार्किंग बनाने के लिए योजना बनाई गई जो कागजों तक सिमटी रही।

खास बातें

- शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से हर वक्त बनी रहती थी जाम की समस्यां, शहर के लोग लंबे समय से उठा रहें थे मांग
- लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा करने को मजबूर थे



महेंद्रगढ़। पुरानी जेल के सामने नगर पालिक की ओर से पार्किंग के लिए जमीन की करवाई गई सफाई। फोटो : हरिभूमि

दुकानदार करें सहयोग

उपमंडल अधिकारी के आदेशों पर पुरानी जेल के पास पार्किंग बनाई गई हैं। इसके अलावा बालाजी चौक पर भी निजी धर्मशाला में पार्किंग शुरू करने की योजना है। एक सप्ताह में योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। दुकानदार भी योजना में नगर पालिका का सहयोग करें। **–रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।**

नपा की आय बढ़ेगी

पार्किंग बनने से नगर पालिका की आय की साधन बनेगा। शहर में प्रतिदिन दो हजार दुपहिया वाहन और दो हजार के करीब चार पहिया वाहन पार्किंग के अभाव में इधर-उधर खड़े कर दिए जाते हैं। पार्किंग बनने से न केवल आय बढ़ेगी, बल्कि शहर में जाम जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

हाउस में 13 में से नौ पार्षदों ने हाजिरी दर्ज करवाई

8.64 करोड़ के बजट से नांगल चौधरी का होगा विकास, स्वच्छता पर रहेगा फोकस

स्टांप ड्यूटी से नपा को होगी एक करोड़ की आमदनी, डेढ करोड़ राशि कर्मचारियों के वेतन पर होगी खर्च, दो करोड़ के विकास कार्यों का बना प्रपोजल

नांगल चौधरी। हाउस में बजट पर चर्चा करते हुए नपा पार्षद। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नगर पालिका कार्यालय में चेयरपर्सन प्रिया सैनी की अध्यक्षता में हाउस की मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें वित वर्ष 2025-2026 का बजट पेश किया तथा पार्षदों की समस्याएं सुनी गई हैं। बजट पेश के दौरान सदन में 13 में से नौ पार्षदों की हाजिरी दर्ज की गई है। नपा सचिव सौरभ जैन पार्षदों को बजट की प्रति मुहैया कराई ताकि प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हो सके।

नपा सचिव ने बताया कि नगर पालिका नांगल चौधरी के द्वारा 2025-2026 साल में प्रस्तावित इनकम आठ करोड़ 64 लाख होने का अनुमान है। जिसमें डेंवलमेंट चार्ज, फायर टैक्स, प्रोपट्री टैक्स, किराया, बिजली टैक्स, स्टांप ड्यूटी, बिल्डिंग शुल्क सहित अन्य कई स्त्रोतों से नपा की आमदनी होगी। मोटे तोर पर 30 लाख बिजली टैक्स, 20 लाख प्रोपर्टी टैक्स, दो लाख फायर टैक्स, 90 लाख डेवलपमेंट चार्ज, एक करोड़ स्टांप ड्यूटी टैक्स, एक लाख विज्ञापन टैक्स, एक लाख किराया टैक्स, चार लाख 25 हजार बिल्डिंग चार्ज, ई मनी तीन लाख, दो लाख टैंडर फीस व लीज किराया आठ लाख सहित अन्य कई टैक्स वसुली का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नपा ने 8.64 करोड़ रुपये ही खर्च करने का प्रपोजल तैयार किया है। इस बजट राशि से एक करोड़ 50 लाख रुपये स्टाफ कर्मियों को वेतन, नपा के चैयपमैन व पार्षदों का मानदेय, 10 लाख रुपये ऑफिस बिजली बिल व वीआईपी इंटरटेनमेंट, दो करोड़ रुपये डेवलपमेंट कार्य-दिवय नगर आदि योजना पर, एक करोड़ अन्य डेंवलपमेंट खर्चे, एक करोड़ डोर टू डोर कूड़ा उठान आदि पर, दो लाख लीगल खर्चे, पांच लाख प्रट्रोल-डीजल खर्चे व अन्य विकास कार्यों पर खर्च होना है। जोकि नांगल चौधरी के विकास कार्यों में खर्च होने है। नपा सचिव ने बताया कि जल्द ही सभी वार्डों में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने सभी वार्डों के पार्षदों से वार्डों में रूके हुए विकास कार्यों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि बजट पास कर सभी वार्डों में विकास कार्य तेजी से करवाए जाएं। जिससे लोगों को पानी, रोड़, बिजली, सीवर लाईन जैसी सुविधाएं उचित ढंग से मिल सके। इस मौके पर एमई सोहनलाल, योगेंद्र बाबू, नपा उप चैयरमैन मुकेश शर्मा, पार्षद कंवरसिंह जाखड़ आदि मौजूद रहे।

इनकम के आधार पर तैयार हुआ बजट

नपा के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि इस बार के बजट में इनकम आय के जितना ही खर्च किया जाएगा। वार्डों में रूके हुए विकाय कार्यों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। किसी भी कार्य में हल्की सामग्री प्रयोग में नहीं लाई जाएगी। जल्द ही विकास कार्यों की सूची बनाकर एजेंडा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई धांधली नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एस्टीमेट बनाकर इसी सप्ताह विकास कार्यों के टेंडर छोड़ दिए जाएंगे। वहीं चेयरमैन प्रिया सैनी मिडिया से जानकारी सांझा किए बिना ही मिटिंग के बाद वहां से तुरंत चली गई।

महेंद्रगढ़। कार्यालय में बैठक करने के बाद उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

एसई कार्यालय पर 11 से तीन बजे तक धरना दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी एवं जिले की पांच ब्रांचो की बैठक सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान रमेश चंद यादव ने किया। इसके अलावा बैठक में मंच संचालन राधेश्याम शर्मा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 24 मार्च को एसई कार्यालय पर 11 से तीन बजे तक धरना दिया जाएगा। जिसमें सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियों को अपना रही है, उसी के विरोध में यह धरना होगा। बैठक में सभी ब्रांच से आह्वन किया कि सभी कर्मचारी सही समय पर एसई कार्यालय पहुंचे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर ब्रांच प्रधान अनिल फौजी, सचिव प्रवीण, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, महेंद्रगढ़ पीडब्ल्यूडी प्रधान करण सिंह, सचिव सत्यप्रकाश, कोषाध्यक्ष राजाराम, सचिव श्योताज सिंह, कोषाध्यक्ष भगवान शर्मा, नारनौल ब्रांच प्रधान रमेश चंद यादव, सचिव राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद सैनी, उपप्रधान दलिप यादव, नारनौल ब्रांच प्रधान बाबूलाल, सचिव जसविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

सरसों की नहीं हो रही आवक किसान जुटे हैं लावणी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुरूप जिले की मंडियों में गत 15 मार्च से सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद जारी है, लेकिन मंडियों में कोई किसान सरसों लेकर नहीं पहुंच रहे। इसके पीछे फिलहाल सरसों का खेतों में खड़े होना एवं किसानों को लावणी में व्यस्त होना है। इसी कारण जिले का किसान सरसों लेकर मंडी नहीं पहुंच रहा, जिस कारण खरीद एजेंसियों समेत गेटपास बनाने वाले भी खाली बैठे हैं। यह स्थिति अभी करीब दस दिन और बने रहने की संभावना है, क्योंकि इस समूचे इलाके में सरसों की फिलहाल लावणी ही चल रही है। सरसों के सूखने उपरांत किसान खलिहानों में उसकी थ्रेसिंग करवाएंगे। सरसों निकालने उपरांत उसे सूखाने में कुछ दिन लगेंगे। उसके उपरांत उसे साफ–सुथरी करके ही मंडी लाएंगे।

स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

नायन स्कूल में डॉक्टरों की टीम ने जांचा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में सोमवार स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें चिकित्सक टीम ने विद्यार्थियों के खून की जांच, आंख, लंबाई, वजन व सामान्य हेल्थ चैकअप किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक प्रवीण व चिकित्सक कविता की टीम ने विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य होने के टिप्स दिए। इस कैंप का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य नीतू यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति भी संस्थान गंभीर है।

नारनौल। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करती चिकित्सक टीम। फोटो :हरिभूमि

लिफ्ट देने के बहाने अपहरण करने के दो आरोपित दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने व्यक्ति का अपहरण कर, मारपीट कर, मोबाइल फोन व रुपए छिनने के मामले में दोनों आरोपियों को जमालपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमेश निवासी बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह खानक में ऑपरेटर का काम करता है और 15 मार्च की रात को घर आने के लिए खानक से पहले हांसी आया था और हांसी से बवानी खेड़ा आने के लिए एक पिकअप डाला गाड़ी को रुकवा कर उनसे लिफ्ट ली थी जो पिकअप गाड़ी में सवार चालक व अन्य एक व्यक्ति के द्वारा सुंदर नहर पर पहुंचने के बाद गाड़ी को पपोसा की तरफ मोड़ दिया था वहीं कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों के द्वारा शिकायतकर्ता के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन व जेब से रुपए छीन लिए थे। इसके बाद शिकायतकर्ता की पत्नी को फोन करके शिकायतकर्ता को छोड़ने की ऐवज में 5,000 भेजने के लिए फोन किया था। इसके बाद आरोपी शिकायतकर्ता को वहीं घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नसीब पुत्र अजीत निवासी जमालपुर व विशाल पुत्र महेंद्र निवासी जमालपुर भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से एक पिकअप डाला, शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

दैनिक रेल यात्री संघ के प्रयासों से मिली मदार–रोहतक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा पिछले 90 दिनों से नारनौल क्षेत्र में रेल सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। इनमें मदार रोहतक ट्रेन के पुनःसंचालन व रिंगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन की मांग शामिल है। इन मांगों के लिए संघ द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पीएमओ, जीएम नॉर्थ वेस्ट रेलवे, डीआरएम जयपुर नॉर्थ वेस्ट रेलवे व महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सांसद धर्मवीर चौधरी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। इन्हीं कोशिशों का परिणाम है कि मदार रोहतक ट्रेन का पुनः संचालन हो पाया है।

नारनौल, रेवाड़ी मार्ग पर बहुत सी लंबी दूरी की ट्रेन चलाई गई, लेकिन सजग प्रयास न होने व आम जनता द्वारा रेल समय सुधार की आवाज बुलंद न होने के कारण रेलवे द्वारा गलत समय प्रबंधन कर इन ट्रेनों को चलाया गया। परिणामस्वरूप इन ट्रेनों में यात्री भार नहीं बढ़ा, क्योंकि ये ट्रेनें भी मदार रोहतक ट्रेन की तरह रेवाड़ी से नारनौल के बीच दो घंटे से ऊपर का समय लगा रही थी।

बाद में रेलवे द्वारा इन ट्रेनों को बंद कर दिया गया। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा सभी सदस्यों के साथ मिलकर मदार रोहतक ट्रेन के नारनौल से रेवाड़ी के समय मार्जन 2 घंटे से कम करके एक घंटे करवाने की मुहिम चलाई हुई है। साथ ही रींगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन चलाने की मांग रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ सांसद महोदय को भी की है। इसी कड़ी में दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा आगामी 20 मार्च से जन-जन हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा।

- दैनिक रेल यात्री संघ 20 से जन–जन हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगा

उपलब्धि अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया में होने वाली चैंपियनशिप में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

गांव गुढ़ा की प्रतिभावान बेटी सारिका ने बेंगलुरू में आयोजित मैराथन में कांस्य पदक जीत बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

मैराथन में हिस्सा लेने वाली गुढ़ा गांव की बेटी सारिका ने हाल ही में बेंगलुरू में आयोजित 45वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। अब आगामी अक्टूबर-2025 में इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसे लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने खुशी जताई है। कनीना विकास खंड के गांव गुढ़ा निवासी सारिका दिल्ली पुलिस में बतौर एचसी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह साल 2006 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुई थी। ड्यूटी से घर लौटने पर पार्क में सैर पर जाने लगी। वहां उन्होंने उन्य महिलाओं की प्रेरणा से दौड़ लगाना शुरू कर दिया। उसके बाद जब मैराथन का आयोजन हुआ तो उन्होंने उसमें अपना प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उन्हें श्रेष्ठ स्थान मिला। इसके बाद पार्क की सैर दौड़ में बदलने लगी ओर सारिका ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सारिका ने पिछले करीब डेढ वर्ष में आठ हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, 14 मैराथन 10 किलोमीटर, छह मैराथन पांच किलोमीटर की पूरी कर चुकी है। स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए वह प्रतिदिन आठ-दस किलोमीटर तक दौड़ लगाती है। पिछले दिनों में दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 10 व पांच किलोमीटर दौड़ में उन्होंने गोल्ड मैडल प्राप्त किया था। उसके बाद उन्होंने कांतिरावा खेल स्टेडियम बैंगलौर में आयोजित 45वीं नैशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पांच हजार मीटर दौड में कांस्य पदक हासिल किया है। ये पांच दिवसीय प्रतियोगिता नौ मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें देश के सभी राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद सारिका का चयन एशियन ओर विश्व मास्टर्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सारिका ने बताया कि साल 2003 में उनकी शादी सिसोठ महेंद्रगढ़ वासी अनिल यादव के साथ हुई थी। जो उस समय भारतीय सेना के सिपाही थे। उनकी बेटी हिमांशु यादव मेडिकल की पढ़ाई कर रही है।

कनीना। बेंगलोर में आयोजित 45वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करती बेटी सारिका। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम ने सभी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना व विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए

चरखी दादरी। समाधान शिविर में एसडीएम आशीष सांगवान ने जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों में अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर समाधान शिविर में आने वाली हर एक शिकायत पर उचित एवं प्रभावी कार्रवाई करवाए जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, जमीनी विवाद और अन्य विभागों से संबधित शिकायतों की सुनवाई की। एसडीएम ने इन सभी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना तथा विभागीय अधिकारियों को न्यायोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि लघु सचिवालय के सभागार में रोजाना कार्य दिवस के दिन सुबह दस से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर बाढड़ा में भी शिविर लगाए जाते हैं, जिससे कि आमजन को अपनी शिकायतों का समाधान करवाने के लिए अधिक समय तक भटकना ना पड़े और एक ही स्थान पर उनकी समस्या का निवारण कर दिया जाए। इसी उद्देश्य से प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी समाधान शिविर में उपस्थित रहते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने करवाया जागरूकता कार्यक्रम

भिवानी। विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया के निर्देशानुसार एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने की, जिसमें मध्यस्थों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स को विभिन्न कानूनी विषयों पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अनुराधा ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के लिए लागू किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की शिकायत करने की व्यवस्था है।

खबर संक्षेप

सतनाली। विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की दी जानकारी

सतनाली। पुलिस ने एक स्कूल में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को साइबर अपराधों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें आनलाइन सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। साइबर जागरूकता अभियान के दौरान थाना सतनाली की पुलिस टीम ने छात्रों को साइबर अपराधों के प्रकार व साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार की जानकारी दी है।

गहली की टीम ने कमानिया को 23 रनों से हराया

नांगल चौधरी। श्योरामनाथपुरा में बाबा ब्रज मोहन दास क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार व समाजसेवी डॉ गजेसिंह चोपड़ा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। पवन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 गांवों की टीमों ने पंजीकरण कराया था। लीग मैचों की औपचारिकता पूरी होने के बाद रविवार की देर शाम फाइनल मुकाबला कराया गया। गहली टीम के कप्तान ने टॉस जीतने के बाद कमानिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। कमानिया टीम की ओपनिंग अच्छी नहीं रही, तीन विकेट 27 रनों पर गिर गई।

सात दिवसीय शिविर का आयोजन

नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन में प्रात कालीन सत्र में कैडेटों को पुलिस विभाग के उप निरीक्षक पंकज कुमार ने साइबर क्राइम से जागरूक किया। मोबाइल पर डिजिटल अरेस्ट की वार्निंग से अलर्ट रहने का संदेश दिया है, अपराधियों की साजिश हो सकती है।

हकेंवि में राष्ट्रीय कार्यशाला की हुई शुरुआत

प्रतिभागियों को सांख्यिकी तकनीक की उन्नत अवधारणाओं के प्रति किया जागरूक

- विभागीय जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा सांख्यिकीय डेटा विश्लेषण के लिए एसपीएसएस और आर सॉफ्टवेयर के उपयोग पर केंद्रित साप्ताहिक कार्यशाला के छठें संस्करण की शुरुआत सोमवार से हो गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह आयोजन समय की मांग है जो कि सांख्यिकी, गणित, मनोविज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा आदि विषयों में नवीन अनुसंधान की दिशा में अग्रसर युवाओं के लिए बेहद उपयोगी है। 21 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य डेटा विश्लेषण में विभिन्न सांख्यिकीय उपकरणों की आवश्यकता व उपयोगिता पर विस्तार से विमर्श करना है। कार्यशाला में विभिन्न शोधार्थियों व प्रतिभागी शिक्षकों को सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग और उससे शोध व अनुसंधान के स्तर पर आवश्यक परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला की शुरुआत के अवसर पर विभाग के प्रो. रंजन कुमार साहू ने विभागीय जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में आयोजन के सह-संयोजक डॉ. विनय कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के महत्त्वपूर्ण पक्षों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला की आयोजन सचिव व विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पवित्रा कुमारी ने बताया कि यह विभाग द्वारा इस गतिविधि के आयोजन का छठां संस्करण है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को सांख्यिकी तकनीक की उन्नत अवधारणाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्हें व्यावहारिक ज्ञान भी कार्यशाला में दिया जाएगा। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को एसपीएसएस और आर सॉफ्टवेयर का उपयोग करके विभिन्न सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान प्राप्त करने में मदद करेगी। कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर प्रो. अंतरेश कुमार ने मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का परिचय कराया। आयोजन के संयोजक डॉ. रविंद्र सिंह ने उद्घाटन सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. पवन कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. अनुप कुमार, डॉ. प्रिया यादव, अंजु ग्रेवाल, रिंकु ने योगदान दिया।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते कुलपति।

ये रहे मौजूद

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यशाला में बीएचयू, एनआईटी कुरूक्षेत्र, आईसीएआर, एमेटी यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, सीसीएसएचएयू, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, एलपीयू, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ, हकेंवि, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं पंजाबी यूनिवर्सिटी के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. अरविंद पांडेय, सीसीएस विश्वविद्यालय, मेरठ से डॉ. कपिल कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. देवेंद्र कुमार, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से डॉ. राहुल वार्ष्णेय व डॉ. सुभाष कुमार यादव, नेशनल रिहब्लिटेशन यूनिवर्सिटी, लखनऊ से डॉ. शकुंतला मिश्रा व डॉ. दुष्यंत त्यागी लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रो. मसूद एच सिद्दकी व डॉ. अशोक कुमार, चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. जोगिंद्र सिंह विशेष के रूप में सम्मिलित होंगे।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में नव सत्र पर हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सोमवार को नवसत्र के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने स्वस्तिवाचन मंत्रों के साथ आहुति डालकर वातावरण सहित मानसिक शुद्धि की।

हवन में यजमान के पद पर यदुवंशी ग्रुप वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव तथा यज्ञ आचार्य अंलकृत हुए। हवन के साथ-साथ मां सरस्वती देवी के चरणों में पुष्पार्पित व दीप प्रज्वलित कर नए सत्र की शुरूआत की। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य के शुभारंभ पर यज्ञ-हवन का अपना विशेष महत्व होता है। पर्यावरण को शुद्ध बनाने का एक मात्र उपाय यज्ञ ही है। संत और यज्ञ भारत देश की मूल पहचान है। इन्हीं के शुभ आशीवार्दों से भारत विश्व गुरू रहा है। इस अवसर पर विद्याथियों के सफल भविष्य के लिए मंगल कामना की। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हवन से पूरे वातावरण की शुद्धि होती है तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। हवन का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। यज्ञाचार्य ने कहा कि शिक्षण क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह ने यज्ञ में आहुति डालकर यज्ञ की परंपरा को पूर्ण किया व सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी।

महेंद्रगढ़। नए सत्र पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गुवानी में दो जगह हुआ कुआं पूजन

मंडी अटेली। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे मेरी लाडो मेरी शान कार्यक्रम के तहत सिहमा खंड के गांव गुवानी में सरपंच रीना यादव की देखरेख में दो स्थानों पर कुआं पूजन का आयोजन किया गया। गांव में सुमेर सिंह बोहरा के घर जन्मी नवजात कन्या मायशा एवं नितेश के घर जन्मी नवजात कन्या सान्वी के जन्म पर कुआं पूजन किया गया। इस मौके पर गुवानी की सरपंच यादव बताया कि लोगों को लड़कियों को लड़कों के बराबर दर्जा देना चाहिए। बेटी के होने पर भी कुआं पूजन करने की परंपरा इस देश में कायम होनी चाहिए। काफी परिवार ऐसे हैं, जो कि बेटी के जन्म के बाद कुआं पूजन करते हैं। हमारे गांव में लिंग अनुपात सुधार एवं गांव में बेटियों के जन्म पर में अपनी निजी कोष से एक हजार एक रुपए की सम्मान राशि नगद देती हैं। खंड सिहमा की ग्राम पंचायत गुवानी में यह पिछले दो वर्षों में 11वां कुआं पूजन किया गया है। गांव में महिलाओं ने बैंड बाजे के साथ कुआं पूजन किया।

यदुवंशी कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस कैंप बवानिया में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने एनएसएस कैंप का आयोजन गांव बवानिया में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एक भव्य समारोह के माध्यम से हुआ। शिविर के लिए संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव व कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। छात्रों ने गांव के विकास और समाज सेवा में विभिन्न पहलु पर कार्य करने का संकल्प लिया। शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यों जैसे स्वच्छता, जागरूकता आदि कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस समारोह के विद्यार्थियों का गांव बवानिया में पहुंचने पर गांव की सरपंच पूजा यादव ने यदुवंशी डिग्री कॉलेज के सभी विद्यार्थियों का गांव के पंचायत भवन में स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंप समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। इस आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में भी उत्साह देखने को मिला। सभी ने मिलकर इस कैंप को सफल बनाने का संकल्प लिया।

महेंद्रगढ़। स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल में हुई पोस्टर व निबंध लेखन स्पर्धा

प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में निबंध लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व विशिष्ट अतिथि डॉ. कविता राव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई।

मिडल हेड सुरेंद्र जावा ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता में राधा-कृष्ण होली खेलते हुए, धार्मिक होली व होलिका दहन के पोस्ट बनाएं। वहीं अच्छाई हमेशा बुराई पर जीत हासिल करती है, ईको फ्रेंडली होली व पानी बचाओ पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी से पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्राची प्रथम, दीव्या ने द्वितीय व हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा सातवीं से वंशिका प्रथम, दीपांशी ने द्वितीय व राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से निबंध लेखन प्रतियोगिता में रेखा प्रथम, नैंसी ने दूसरा व नतीशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा आठवीं से पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता से हर्षिता प्रथम, वर्षा ने दूसरा व भावना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लेखन प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम, हर्षिता ने दूसरा व विनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि लेखनी की सुंदरता एक विद्यार्थी को दुनिया के करोड़ों विद्यार्थियों से अलग कर देती है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि श्रीकृष्णा स्कूल प्रत्येक प्रतियोगिता में अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है।

महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। हवन में आहूति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

एमआर स्कूल अटेली में हवन के साथ हुआ नए सत्र का प्रारंभ

नारनौल। अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2025-26 की शुरुआत हवन के साथ हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर अपनी आहुतियां डाली। इससे न केवल सारा वातावरण शुद्ध एवं सुगंधित हुआ बल्कि एक नई ऊर्जा का भी संचरण हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से अवगत करवाया और बताया कि यज्ञ हमारे वातावरण के साथ-साथ हमारे विचारों को भी पवित्र करता है तथा इससे जीवन में एक धार्मिक व सभ्यता के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। हमारी प्राचीन संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है इसलिए उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनने का भी संदेश दिया।

भाविप की आनंद रसोई

श्रमिकों को खिलाया जलेबी व लड्डू

हमारे शास्त्रों में भोजन प्रसाद वितरण का अत्यधिक महत्व: भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में सोमवार आनंद रसोई का आयोजन परशुराम चौक पर किया गया। शाखा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि आनंद रसोई प्रकल्प के अंतर्गत आज स्थानीय परशुराम चौक पर विष्णु गर्ग के सहयोग से उनके पिता स्व. रामौतार गर्ग की पुण्यतिथि के अवसर पर लगाई गई। आयोजक विष्णु गर्ग एवं रेणु गर्ग ने अपने हाथों से श्रमिकों को जलेबी एवं लड्डू का प्रसाद खिलाया। कार्यक्रम के आयोजक विष्णु गर्ग के बेटे भारत गर्ग ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भोजन प्रसाद वितरण का अत्यधिक महत्व बताया गया है। इसी कारण आज श्रमिक भाई बहनों के लिए प्रसाद वितरित किया गया। सदस्य नवीन गुप्ता एवं विजय जिंदल ने कहा कि गत छह वर्षों से आनंद रसोई प्रकल्प के माध्यम से लगातार निःशुल्क अन्नदान का जो अभियान भाविप ने चलाया है, वह सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। ऐसे अभियान मानुष को मानुष से जोड़ने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भाविप के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि सेवा कार्यों में भारत विकास परिषद का प्रत्येक प्रोजेक्ट अनुपम और अनुकरणीय होता है। सदस्य पवन गुप्ता व सुभाष सिंगला ने बताया कि विवाह, जन्मदिवस, खुशियां, पुण्य स्मृति आदि के अवसर पर भोजन की परम्परा हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है। सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि आनंद रसोई हृदय को आनंद देने वाला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकल्प प्रति सप्ताह होने चाहिए। इस मौके पर विष्णु गर्ग, अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव दिनेश शर्मा, नवीन गुप्ता, पवन गुप्ता, विजय जिंदल, हन्नु गर्ग, रेणु गर्ग, सुभाष सिंगला अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नारनौल। श्रमिकों को जलेबी व लड्डू बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। छात्रा हीना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजवंशी की हीना बनी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजवंशी स्कूल दौचाना की छात्रा हीना पुत्री राकेश यादव गांव बदोपुर का इनकम टैक्स इंस्पेक्टर एवं अंजू कुमारी का वित्त मंत्रालय अकाउंट ऑफिसर पद पर चयन होने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ने छात्राओं को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रतिभा जन्मजात होती है। उनको अवसर प्रदान कर उभारा जाता है वो विद्यालय एवं शिक्षकों का दायित्व होता है। उभरी हुई प्रतिभा आने वाले पीढ़ी के लिए आदर्श होती है। सभी शिक्षकों द्वारा छात्राओं को बधाई दी गई। इस अवसर पर चेयरपर्सन रेणु कंवर ने सभी बच्चों को इन छात्राओं को आदर्श मानकर आगे बढ़ने के लिए आव्हान किया।

अभी तक मार्केट में मिले अच्छे परिणाम

डीसी ने दिव्यांग छात्रा को स्मार्ट विजन डिवाइस वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डॉ विवेक भारती ने सोमवार लघु सचिवालय में अंध विद्यालय खरखड़ी मोहल्ला की एक दिव्यांग छात्रा को स्मार्ट विजन डिवाइस वितरित की। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार भी मौजूद थे। उपायुक्त ने बताया कि इस स्मार्ट विजन डिवाइस से नेत्रहीन दिव्यांग छात्रा को पढ़ने तथा कंप्यूटर-मोबाइल आदि पर अपनी स्टडी करने में आसानी रहेगी। यह ब्लूटूथ से कनेक्ट होगा। उन्होंने बताया कि अगर विद्यालय की छात्राओं ने इस डिवाइस के बारे में सकारात्मक परिणाम बताया तो इसे भविष्य में अन्य छात्राओं को भी दिया जाएगा। रेडक्रॉस से डॉ एसपी सिंह ने बताया कि यह उपकरण हैदराबाद से उपलब्ध करवाया गया है। अभी तक मार्केट में इसके परिणाम अच्छे मिले हैं। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर यह एक डिवाइस मंगाया गया है।इस मौके पर रेडक्रॉस की ओर से अजीत यादव भी मौजूद थे।

नारनौल। अंध विद्यालय की छात्रा को स्मार्ट विजन डिवाइस वितरित करते डीसी डॉ विवेक भारती।

मंथन | डीसी डॉ. विवेक भारती ने ली बाढ़ एवं सूखा प्रबंधों को लेकर बैठक

पेयजल के लगातार सैंपल लेने के सख्त निर्देश

गर्मी के सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पेयजल संबंधी तैयारियां अभी से शुरू कर दी है। इसी संबंध में उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने सोमवार लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों की बैठक ली तथा इस संबंध में फूल प्रूफ रणनीति बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ बाढ़ एवं सुखा प्रबंधों को लेकर भी बैठक ली।

डीसी ने कहा कि गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है तो पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है। सरकार के निर्देश पर इस बार गर्मी से जुड़ी चुनौतियों को कम करने और पेयजल सप्लाई लगातार जारी रखने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। अगर कहीं पानी की राशनिंग की जरूरत पड़े तो सभी इलाकों में समान जल वितरण योजना बनाई जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नगर निगम/समिति के अधिकारी मिलकर एक व्यापक और समावेशी रणनीति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला के सभी जोहड़ों में मवेशियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हुडा सेक्टर सहित अन्य जगहों में पेयजल के सैंपल लगातार लेते रहें। जिला में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल के टैंकर्स का पंजीकरण करवाया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस उपलब्ध रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के सीजन में बिजली सप्लाई की निरंतरता सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, नारनौल के एसडीएम रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि